मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 252 ■ सोमवार, 30 दिसंबर 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.), M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**सोनू सूद को मिला था CM पद का ऑफर!**

## संक्षेप...

### बहू को प्रताड़ित करने वालों पर मामला दर्ज



■ सेंट्रल पुलिस स्टेशन में ससुराल वालों पर मामला दर्ज

**उल्हासनगर.** बहू को प्रताड़ित करने के आरोप में उल्हासनगर के सेंट्रल पुलिस स्टेशन में पति, सास और ननद के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, पति मनीष चेतनानी की जमानत अर्जी कोर्ट ने खारिज कर दी है. शादी के बाद से पति, सास-ससुर ने मिलकर 24 साल की बहू को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया, साथ ही गर्भपात और मारपीट की, यह मामला पति मनीष चेतनानी और उसके परिवार के खिलाफ दर्ज किया गया है.

# जागरण से लौट रहे युवक की हत्या, एक गिरफ्तार

■ शांतिनगर परिसर में 29 दिसंबर की रात की घटना
■ कुछ ही घंटों में पुलिस को मिली कामयाबी
■ उल्हासनगर अपराध शाखा ने लिया हिरासत में
■ कल्याण स्टेशन से पकड़ा गया



मृतक पंकज हीरामन





सचिन उर्फ बबल्या आनंद डिग्गे



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-3 स्थित शांतिनगर में पंकज हीरामन निकम (29) नामक युवक की निर्मम हत्या के आरोपी सचिन उर्फ बबल्या आनंद डिग्गे (24) को उल्हासनगर क्राइम ब्रांच की पुलिस ने कल्याण रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया है। रविवार 29 दिसंबर की आधी रात के आसपास शांतिनगर में आरोपी बबल्या ने पंकज निकम की गर्दन पर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी. मृतक पंकज की पत्नी की शिकायत के आधार पर सेंट्रल पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था. वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बबल्या फरार हो गया था।

शांतिनगर के गवाबाई पाड़ा में जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. 29 वर्षीय पंकज निकम रात 1:30 से 2 बजे के बीच कार्यक्रम से लौट रहा था. इस दौरान उसका उसी इलाके में रहने वाले सचिन उर्फ बबल्या आनंद डिगे से झगड़ा हो गया। इसके बाद बबल्या ने पंकज की गर्दन पर चाकू से वार कर दिया और वह भाग गया। अधिक खून बहने से पंकज की मौत हो गई। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में अपराध शाखा, यूनिट 4 के पुलिस उप-निरीक्षक प्रवीण खोचरे और कांस्टेबल अर्जुन मुत्तलगिरी को गुप्त मुखबिरों से सूचना मिली कि आरोपी कल्याण रेलवे स्टेशन पर भागने की तैयारी कर रहे हैं। इस जानकारी के आधार पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली के नेतृत्व में एक टीम ने स्टेशन क्षेत्र में जाल बिछाया और आरोपियों को हिरासत में लिया.

# बुवापाड़ा में बच्चे के साथ दुष्कर्म का प्रयास

■ पूरे बुवापाड़ा में रोष
■ आरोपी अरविंद यादव गिरफ्तार



यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के बुवापाड़ा में एक 50 वर्षीय व्यक्ति ने यहीं के निवासी एक 6 वर्षीय लड़के के साथ शर्मनाक हरकत की है. पुलिस ने अरविंद यादव नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है. यादव ने बच्चे के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास भी किया है.

आरोपी एक राजनीति पार्टी का सक्रिय कार्यकर्ता है और उस पक्ष के एक नेता का करीबी बताया गया है. उत्तर भारतीय बहुल परिसर बुवापाड़ा में लोगों में रोष देखा जा रहा है. अंबरनाथ पुलिस को जैसे ही ये खबर मिली पुलिस तुरंत हरकत में आ गई और अरविंद यादव को गिरफ्तार करके पुलिस स्टेशन लेकर आई. बदलापुर के एक स्कूल में बच्चों के साथ हुई घटना के बाद पुलिस द्वारा अपराध दाखिल करने में देरी से बदलापुर में जबरदस्त हंगामा हुआ था. लोकल ट्रेनें रोक दी गई थी. बत से पुलिस ऐसे गंभीर मामले में अपराध दर्ज करने एवं आरोपी को गिरफ्तार करने में देर नहीं लगा रही है. आरोपी अरविंद यादव से पुलिस ये पूछताछ कर रही है कि इससे पहले भी उसने ऐसी शर्मनाक हरकतें तो नहीं की हैं. ये शर्मनाम घटना बुवापाड़ा के एक तबेले में हुई है. पूरे बुवापाड़ा में आरोपी यादव के खिलाफ रोष देखा जा रहा है.

# मोबाइल दुकान में फिर चोरी

■ सीसीटीवी कैमरे में कैद
■ उल्हासनगर 5 की घटना
■ अज्ञात चोर की तलाश शुरू



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में एक बार फिर मोबाइल दुकान का दरवाजा तोड़कर महंगे मोबाइल फोन चोरी की घटना सामने आई है, चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। उल्हासनगर पांच के मच्छी मार्केट इलाके में स्थित कृष्णा मोबाइल दुकान में इस अज्ञात चोर ने दुकान से महंगे मोबाइल चुरा लिए, चोरी के बाद चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, घटना का मामला हिललाइन पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया। वहीं पुलिस सीसीटीवी के आधार पर अज्ञात चोर की तलाश कर रही है.

# 8 लोगों के खिलाफ हफ्ता वसूली का मामला दर्ज

■ बिल्डर राजा गेमनानी की शिकायत पर मामला दर्ज
■ स्वप्निल पाटिल ने सभी आरोपों को नकारा
■ मुझसे 1 करोड़ का हफ्ता मांगा गया- गेमनानी
■ 25 लाख में तय हुई थी लेन-देन



**उल्हासनगर.** शहर के कंस्ट्रक्शन व्यवसायी और भाजपा पदाधिकारी राजा गेमनानी से एक करोड़ का हफ्ता मांगने के आरोप में स्वप्निल दिलीप पाटिल समेत कुल 8 लोगों के खिलाफ हिललाइन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। इस घटना से शहर में हड़कंप मच गया है और पुलिस ने पाटिल और शैलेश तिवारी को हिललाइन थाने बुलाकर चार घंटे तक पूछताछ की. उल्हासनगर-5 निवासी राजा गेमनानी एक कंस्ट्रक्शन व्यवसायी और स्थानीय भाजपा पदाधिकारी हैं। पिछले सप्ताह उन्होंने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त से शिकायत की थी कि कुछ लोग एक करोड़ रुपये का हफ्ता मांग रहे हैं। आखिरकार शनिवार को हिललाइन थाने में स्वप्निल पाटिल और शैलेश तिवारी समेत कुल आठ लोगों के खिलाफ जबरन वसूली का मामला दर्ज किया गया।

गेमनानी ने अपनी शिकायत में कहा कि उनका गायकवाड़ पाड़ा और समतानगर कुर्ला कैंप में निर्माण कार्य चल रहा है. इस निर्माण को लेकर प्रहार जनशक्ति पार्टी के एड. स्वप्निल पाटिल ने मनपा के नगर नियोजन विभाग के सभाकक्ष में राजेश गेमनानी से मुलाकात की और उन पर 100 करोड़ रुपए का टीडीआर घोटाला करने का आरोप लगाते हुए कहा कि हमने हिलटाउन, झलक और कलानी सोसाइटी इमारतों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इसलिए यदि आप अपने निर्माण के बारे में शिकायत नहीं करना चाहते हैं तो एक करोड़ रुपये दीजिए।

गेमनानी ने पाटिल को भुगतान करने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद पाटिल और उनके साथियों ने शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव और शहरी नियोजन विभाग के निदेशक के समक्ष शिकायत दर्ज कराई।

कुछ दिनों बाद नेताजी चौक पर एड. स्वप्निल पाटिल ने मुझसे एक करोड़ के बदले 25 लाख की मांग की। उन्होंने कहा कि मुझे अन्य लोगों का भी ध्यान रखना है। उन्हें भी भुगतान करना होगा. ऐसा कहकर उसने उन पर विवाद निपटाने का दबाव बनाया। फिर, जैसा कि योजना बनाई गई थी, उनका एक आदमी मेरे बंगले पर आया। शिकायत में कहा गया है कि मैंने उस व्यक्ति को एक सुनहरे रंग के बैग में पांच लाख रुपये दिए और कहा कि मैं शेष 20 लाख अगले दिन दूंगा। शिकायत में कहा गया है कि उनकी सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध है।

हिल लाइन पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 308 (3), 308 (5), 308 (4), 351 (2), 352 (3) और 352 (5) के तहत मामला दर्ज किया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल जगताप इस अपराध की जांच कर रहे हैं।

वहीं स्वप्निल पाटील ने अपने ऊपर लगाए सभी आरोप खारिज किए हैं। स्वप्निल पाटिल ने कहा कि हमारे खिलाफ झूठा मामला दायर किया गया है और हमने भ्रष्टाचार का खुलासा किया है, इसलिए उनके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई है.

**विधायक बालाजी किणीकर की हत्या की साजिश का मामला**

# क्राइम ब्रांच ने एक संदिग्ध को छोड़ा

■ युवा सेना हुई आक्रामक
■ तहसीलदार को दिया निवेदन
■ अंबरनाथ बंद की दी धमकी

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के विधायक डॉ. बालाजी किणीकर की हत्या की साजिश करने के मामले में ठाणे क्राइम ब्रांच ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया था, जिसमें से एक को क्राइम ब्रांच ने पूछताछ करके छोड़ दिया है. छोड़े गए संदिग्ध से दोबारा पूछताछ होगी. ऐसी हमें विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है. दूसरी ओर शिवसेना के दो वरिष्ठ नेता अरविंद एवं राजू वालेकर का आज कल में क्राइम ब्रांच पुलिस बयान ले सकती है. वालेकर के करीबी सूत्रों पता चला है कि पुलिस को अपना बयान देने के बाद वालेकर बंधु पत्रकार परिषद लेकर अपना खुलासा करने वाले हैं. विधायक डॉ. बालाजी किणीकर के करीबी एवं अंबरनाथ युवा सेना के अध्यक्ष राहुल सोमेश्वर और विधानसभा अध्यक्ष हेमंत जाधव के नेतृत्व में युवा सेना के एक प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार को एक निवेदन पत्र देकर मांग की है कि किणीकर की हत्या की साजिश करने वाले मुख्य सूत्रधार और उनके सहयोगियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए नहीं तो युवा सेना अंबरनाथ बंद का आयोजन करेगी.

राहुल के साथ हेमंत जाधव, निशाल पाटिल, विशाल पाटिल, संदीप देशमुख, महेश वाल्मीकि, अमित कांबले, निखिल शिरसाट आदि उपस्थित थे. ठाणे क्राइम ब्रांच जिस सुस्त रफ्तारी से जांच कर रही है. उससे किणीकर हत्या की साजिश मामला ढीला पड़ता जा रहा है.

# नेताजी चौक पर युवक पर जानलेवा हमला

■ पुराने विवाद को लेकर किया हमला
■ कलवा अस्पताल में इलाज जारी
■ हमलावर फरार




**उल्हासनगर.** उल्हासनगर- 5 स्थित नेताजी चौक इलाके में आधी रात के आसपास एक 25 वर्षीय युवक पर जानलेवा हमले की घटना घटी है। इस हमले में विशाल मेहरा नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है और उसका ठाणे के पास कलवा के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार विशाल मेहरा और आरोपी साहिल गुप्ता एक ही परिसर में रहते थे और दोनों के बीच किसी बाद को लेकर विवाद हुआ था। ऐसे में शनिवार की रात आरोपी साहिल गुप्ता कैम्प 5 के बंगला क्षेत्र स्थित दीपक दरबार के पास से जा रहे विशाल पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया, खून से लथपथ विशाल को पहले किर्टी अस्पताल, फिर सेंट्रल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन विशाल की हालत गंभीर होने के कारण उसे कलवा अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, विशाल के सीने पर गंभीर चोटें आईं, अब हिललाइन थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आरोपी साहिल गुप्ता की तलाश कर रही है, साहिल एक कुख्यात अपराधी बताया गया है.

# अंबरनाथ केबी महामार्ग पर दो दुर्घटनाएं, 2 घायल

■ रिक्शा चालक सड़क के बीच मौजूद विद्युत पोल से टकराया
■ गंभीर घायल

उल्हास विकास संवाददाता





**अंबरनाथ.** अंबरनाथ केबी महामार्ग पर शनिवार को फिर दो सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं. एक रिक्शा चालक की विमको नाका से आगे सड़क के बीच के एक पोल लाइट से रिक्शा टकरा गी, जिसमें रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है. दूसरी घटना में एक कार चालक रिलायंस पेट्रोल पंप के आगे डिवाइडर से टकरा गया है. जिसमें चालक घायल हो गया है. कार भी क्षतिग्रस्त हो गई है.

कल्याण बदलापुर महामार्ग शुरू होकर चार वर्ष हो गए हैं, लेकिन सड़क के बीच के बिजली पोल अभी तक हटाए नहीं गए हैं. शास्त्री हिंदी विद्यालय से गांधी चौक तक कई पोल रास्ते के बीच से हटाए नहीं जाने के कारण अब तक पोल से टकरा कर कई वाहन चालकों की मौत हो गई है, तो कई गंभीर घायल हो गए हैं. इसी स्थान पर शनिवार रात में मेटल नगर, खुंटवली निवासी मोहम्मद शेख रिक्शा चालक सड़क के बीच के विद्युत पोल से टकरा गया, जिसके कारण उसके रिक्शा की कांच टूट गई. शेख के सर पर गंभीर चोटें आई हैं. उल्हासनगर के एक निजी रुग्णालय में उसका उपचाल चल रहा है.

इस दुर्घटना की पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है. रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष मिलिंद पाटिल ने इस खतरनाक विद्युत पोल को हटाने के लिए आंदोलन भी किया था. महावितरण इन पोल को हटाने में अब तक नाकाम रही है. इसलिए जानलेवा हादसे हो रहे हैं.

# मजदूर की हादसे में मौत




■ पानी की टंकी की मरम्मत के दौरान हुआ हादसा
■ घटना शनिवार शाम की
■ क्रेन चालक की लापरवाही से हुआ हादसा

**उल्हासनगर.** म्हारल ग्राम पंचायत कार्यालय की सीमा में स्थित महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल (एमआईडीसी) की पानी की टंकी की मरम्मत के दौरान क्रेन चालक की लापरवाही के कारण लोहे का ब्रिज बबलू कनौजिया नामक मजदूर पर गिर गया, जिससे उसकी दुर्भाग्यपूर्ण मौत हो गई। यह घटना कल शनिवार शाम चार बजे घटी। मृत व्यक्ति विनायक इंजीनियर नामक ठेकेदार कंपनी का मजदूर था। शव को पोस्टमार्टम के लिए उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल ले जाया गया है।

# विशाल गवली को 2 से 3 महीने में हो जाएगी फांसी की सजा

■ मुख्यमंत्री फडणवीस ने पीड़िता के पिता को आश्वासन दिया



**मुंबई.** कुछ दिन पहले कल्याण के चक्कीनाका इलाके में एक नाबालिग लड़की का अपहरण, यौन उत्पीड़न और हत्या की चौंकाने वाली घटना सामने आई थी। पुलिस ने इस मामले के मुख्य आरोपी विशाल गवली को गिरफ्तार कर लिया है। विशाल गवली पहले भी छेड़छाड़ जैसे अपराध कर चुका है। लेकिन पुलिस जांच में पता चला है कि वह पहले भी मानसिक बीमारी का प्रमाण पत्र दिखाकर दो बार अदालत से जमानत हासिल कर चुका है।

पुलिस द्वारा बुलढाणा से गिरफ्तार करने के बाद कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय ने गुरुवार सुबह विशाल और उसकी पत्नी को 2 जनवरी तक पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया। इस बीच, इस मामले में पीड़िता के पिता ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। इस बार मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया है कि आरोपियों को दो-तीन महीने में फांसी दे दी जाएगी।

कल्याण में नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न और हत्या मामले में पीड़िता के पिता की मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात के बाद प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा, मैंने मुख्यमंत्री से आरोपियों को फांसी देने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''डरो मत, सरकार आपके साथ है।'' उन्होंने कहा, ''ऐसा कहा गया है कि आरोपियों को अगले दो से तीन महीने में फांसी दे दी जाएगी।''

इस बीच, मुख्यमंत्री ने पीड़िता के पिता से मुलाकात के दौरान यह भी कहा कि मामले की सुनवाई तेजी से की जाएगी और वरिष्ठ अधिवक्ता उज्ज्वल निकम को सरकारी वकील नियुक्त करने पर चर्चा चल रही है। पीड़िता के पिता ने मीडिया से बात करते हुए यह भी जानकारी दी है कि विशाल गवली दो नंबर का बिजनेसमैन था, उसे जान से मारने की धमकी देता था और इलाके में उसकी गर्लफ्रेंड भी थी।

इस बीच, विशाल गवली द्वारा लड़की की हत्या को लेकर कल्याण क्षेत्र के नागरिकों में तीव्र आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। कई सामाजिक संगठन और राजनीतिक दल इस घटना की निंदा करने के लिए कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और विशाल गवली के लिए मौत की सजा या सार्वजनिक हिरासत में उसकी रिहाई की मांग कर रहे हैं।

# अंबरनाथ-बदलापुर के सभी फार्महाउस फुल

■ नव वर्ष स्वागत के लिए एक माह पहले से बुकिंग

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ तालुका के बदलापुर, वांगनी और आसपास के गांव के फार्म हाउस, ढाबे और रेस्टॉरेंट नए वर्ष का जश्न और स्वागत के लिए हाउस फुल हो गए हैं. एक महिना पहले से ही पर्यटकों द्वारा फार्म हाउस रेस्टारेंट बुकिंग कर ली गई थी. आज से हजारों पर्यटकों ने गर्दी करना शुरू कर दिया है. फार्म हाउस पर गीली पार्टी करने वालों से शांति भंग हो, इसके लिए पुलिस विभाग भी सतर्क हो गया है. नाताल और नव वर्ष के स्वागत के लिए गत हफ्ते से ही राज्य के विविध पर्यटन स्थलों पर भीड़ बढ़ती जा रही है. गत कुछ वर्षों से मुंबई, ठाणे से नजदीक अंबरनाथ तालुके के बदलापुर, वांगनी, नेरल, कर्जत, खोपोली ग्रामीण विभाग में फार्म हाउस को पर्यटक पसंद कर रहे हैं. दिवाली, नव वर्ष मनाने के लिए मुंबई और उपनगर के हजारों पर्यटकों का मोर्चा ग्रामीण भाग के फार्महाउस पर जा रहा है. विशेष बात ये है कि ट्रैफिक जाम की समस्या मुक्त प्रवास, मुनासिब दामों पर किराये से मिलने वाले फार्म हाउस, सभी सुविधाओं से लैस फार्म हाउस के लिए पर्यटकों का रश प्रतिवर्ष बढ़ता ही जा रहा है. इसी कारण से अंबरनाथ तालुका में दिन प्रतिदिन फार्म हाउस की संख्या में वृद्धि हो रही है. 31 दिसंबर से पूर्व शनिवार रविवार को छुट्टी के कारण सभी फार्म हाउस फुल हो गए हैं.

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### ब्रह्मपुत्र पर बांध

**भारत के प्रति चीन का रवैया पहले ही संदेहों के घेरे में रहा है। चीन अपने हित में और विकास के नाम पर जो फैसले करता है, वह कई बार पड़ोसी देशों के लिए जोखिम का वाहक बन जाता है। यह आशंका खासकर इसलिए भी पैदा होती है, क्योंकि पिछले कुछ समय से सीमावर्ती इलाकों में चीन की गतिविधियां उसके भीतर छिपी विस्तारवाद की भूख को दर्शाती हैं। यही वजह है कि अब चीन अपनी विकास यात्रा को आगे ले जाते हुए ऊर्जा उत्पादन के मकसद से ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध बनाने जा रहा है, तो उसके इस फैसले से भारत और बांग्लादेश की चिंता बढ़ गई है।**

**गौरतलब है कि चीन ने तिब्बत पठार के पूर्वी हिस्से में दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की घोषणा की है। चीन यह बांध जिस यारलुंग जांगबो नदी पर बनाने जा रहा है, उसे भारत में ब्रह्मपुत्र के नाम से जाना जाता है। माना जा रहा है कि इस बांध के जरिए चीन हर वर्ष तीन सौ अरब किलोवाट प्रतिघंटे बिजली पैदा करेगा।**

**प्रथम दृष्टया यह चीन के अपने दायरे में की जा रही विकास की एक गतिविधि है, लेकिन इसके नतीजे में भारत और बांग्लादेश के सामने कई तरह के जोखिम और अन्य चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। दरअसल, यारलुंग जांगबो नदी भारत में अरुणाचल प्रदेश की ओर मुड़ती है। अगर बांध बनने के बाद चीन किन्हीं स्थितियों में या फिर भू-राजनीतिक तनाव उभरने के बाद प्रतिक्रिया स्वरूप इसके पानी को नियंत्रित करता है तो इसका सीधा असर भारत में पानी की आपूर्ति पर पड़ सकता है। यानी एक तरह से इससे चीन पर भारत की निर्भरता बढ़ जाएगी।**

**इसी तरह, इस बांध से अगर बेलगाम तरीके से पानी छोड़ा जाएगा तो भारत के कई इलाकों में अचानक और भयावह बाढ़ से तबाही मच सकती है। भारत की इस चिंता का विस्तार बांग्लादेश में होता है, क्योंकि इसी तरह का प्रभाव वहां भी पड़ेगा। यों चीन अपनी इस योजना का बचाव करते हुए इससे उपजी चिंताओं का समाधान कर लिए जाने की बात कह रहा है, लेकिन उसके इस फैसले से भारत के सामने लगातार आशंका बनी रहेगी।**

# सहयोगी दलों के निशाने पर कांग्रेस, विपक्षी गठबंधन में उथलपुथल

पिछले कुछ समय से विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में उथलपुथल सी मची हुई है। यह उथलपुथल सबसे अधिक कांग्रेस को असहज कर रही है। आइएनडीआइए में सब कुछ ठीक नहीं, इसका पहला संकेत हाल में तब मिला, जब तृणमूल कांग्रेस नेता ममता बनर्जी ने कहा कि वह गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। उनका यह बयान उस समय आया, जब कांग्रेस अदाणी मामले को लेकर संसद में हंगामा करने में लगी हुई थी। इससे यही साफ हुआ कि गठबंधन के सभी दल अदाणी मामले को तूल देने को तैयार नहीं।

यह विचित्र है कि अदाणी मामले पर कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों की नसीहत सुननी पड़ी। ममता बनर्जी को गठबंधन का उपयुक्त नेता बताने वाले बयानों का समर्थन कुछ और नेताओं और खासकर लालू यादव ने भी कर दिया। जब समाजवादी पार्टी के महासचिव रामगोपाल यादव ने कहा कि आइएनडीआइए के नेता राहुल नहीं, मल्लिकार्जुन खरगे हैं, तो यह साफ हुआ कि कांग्रेस के सहयोगी दलों को राहुल का नेतृत्व रास नहीं आ रहा है। कांग्रेस की मुश्किल यह है कि वह राहुल गांधी को गठबंधन के नेता ही नहीं, भावी प्रधानमंत्री के रूप में भी देखती है।

बीते दिनों कांग्रेस की कठिनाई तब और बढ़ गई, जब आम आदमी पार्टी के नेताओं ने दिल्ली के कुछ कांग्रेसी नेताओं पर आरोप लगाया कि वे भाजपा के साथ मिलकर उसे दिल्ली विधानसभा चुनाव में हराने की कोशिश कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी के नेता कांग्रेस पर इसलिए भड़के, क्योंकि अजय माकन ने केजरीवाल को फर्जीवाल करार देते हुए कहा कि वह उन योजनाओं के जरिये लोगो को धोखा दे रहे हैं, जो



अस्तित्व में ही नहीं हैं। अजय माकन ने यह भी कहा कि 2013 में आम आदमी पार्टी को समर्थन देकर उसकी सरकार बनवाना कांग्रेस की भूल थी। उन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव में दिल्ली में आम आदमी पार्टी से समझौते को भी सही नहीं माना।

अजय माकन ने केजरीवाल को राष्ट्र विरोधी भी कहा। उनके इस बयान के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस अजय माकन के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती तो आम आदमी पार्टी गठबंधन के दलों से यह मांग करेगी कि वे कांग्रेस को बाहर करें। यह हास्यास्पद मांग है, लेकिन इससे पता चलता है कि आइएनडीआइए के घटकों में तनातनी बढ़ रही है।

जब कांग्रेस के नेतृत्व में आइएनडीआइए का गठन हुआ था तो यह माना गया था कि यह गठबंधन अपनी वैकल्पिक नीतियों और विचारों के जरिये भाजपा का मुकाबला करने के साथ ही देश को राजनीतिक दिशा देने का भी काम करेगा, लेकिन वह वैकल्पिक विचार देने में असमर्थ रहा। आइएनडीआइए अपना कोई प्रभावी दृष्टिकोण अथवा न्यूनतम साझा कार्यक्रम देश के सामने नहीं रख सका। उसने कांग्रेस के नेतृत्व में केवल यह माहौल बनाया कि भाजपा संविधान बदलना चाहती है। ऐसे माहौल के चलते जब कांग्रेस को लोकसभा चुनावों में 99 सीटें मिलीं और भाजपा 240 सीटों पर सिमट गई तो ऐसा प्रचारित किया गया, जैसे विपक्षी गठबंधन की जीत हुई है। यह प्रचार सबसे अधिक कांग्रेस ने किया, लेकिन हरियाणा और फिर महाराष्ट्र के चुनाव नतीजों ने उसकी हवा निकाल दी।

कांग्रेस की प्रभावी उपस्थिति कर्नाटक, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल और कुछ हद तक हरियाणा-पंजाब में है। अन्य राज्यों में या तो वह बहुत कमजोर है या फिर क्षेत्रीय दलों के रहमो-करम पर है। लोकसभा में वह दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर अवश्य उभरती है, लेकिन इसमें सहयोगी दलों का योगदान रहता है। कांग्रेस दिल्ली में भी हाशिये पर जा चुकी है। दिल्ली में यह पहले ही साफ हो गया था कि अरविंद केजरीवाल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से तालमेल नहीं करने वाले।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हो सकता है। पिछले दस साल की एंटी इनकंबेंसी से पार पाने के लिए आम आदमी पार्टी एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। यदि त्रिकोणीय मुकाबला न हो तो आप भाजपा पर भारी पड़ेगी। त्रिकोणीय मुकाबले में भाजपा के लिए संभावना बन सकती है। आप चाहेगी कि कांग्रेस दिल्ली में मजबूती से न लड़े। कांग्रेस को दिल्ली में मजबूती से लड़ने के लिए भाजपा के साथ आप पर भी हमला करना होगा। दिल्ली के बाद बिहार के विधानसभा चुनाव होंगे।




संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

**आत्मा उस आध्यात्मिक बीज के समान है जो हमारे अंदर सुप्त रहती है, जब तक हम उसे पोषित नहीं करते हैं।**

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२


देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# आक्सफोर्ड तक का मनमोहन सिंह का सफर

सादगी, सौम्यता, मितभाषिता और शांत स्वभाव उनके व्यक्तित्व की खासियत थी। उन्हें सदा सच्चाई पर यकीन रहा। इसीलिए उनका व्यक्तिगत जीवन हमेशा बेदाग रहा। वे व्यावहारिक रूप से जमीनी राजनेता नहीं थे, मगर देश को समृद्धि के शिखर पर पहुंचाने के प्रति उनका समर्पण अभूतपूर्व था। वे जीते-जी देश की आर्थिक स्थितियों को लेकर चिंतित देखे जाते रहे। वे अपने को इसके लिए देश का कर्जदार मानते रहे कि विभाजन के बाद एक बेघर हुए आदमी को सरकार के शीर्ष स्तर तक पहुंचाया। सामान्य कपड़ा व्यवसायी परिवार में पैदा हुए मनमोहन सिंह ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर कैंब्रिज और आक्सफोर्ड जैसे दुनिया के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में दाखिला लेकर अर्थशास्त्र में ऊंची डिग्रियां हासिल कीं।

फिर वे वाणिज्य मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार, वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार, योजना आयोग के सदस्य के रूप में आर्थिक नीतियों के मामलों में सरकार का सहयोग करते रहे। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में अपनी सराहनीय सेवाएं दीं। उनके कार्यों की पहचान सबसे अधिक तब हुई जब वे प्रधानमंत्री के आर्थिक मामलों के सलाहकार नियुक्त हुए।

वह ऐसा दौर था, जब भारत की आर्थिक स्थिति बहुत खराब हो गई थी। विदेशी मुद्रा भंडार काफी खाली हो चुका था। वह पीवी नरसिंहराव का कार्यकाल था। उनसे पहले चंद्रशेखर के कार्यकाल में सोना गिरवी रख कर उर्वरक आदि का इंतजाम करना पड़ा था। ऐसे वक्त में मनमोहन सिंह ने आर्थिक उदारीकरण



का सुझाव दिया था। लाइसेंस राज खत्म करने और करों में छूट जैसे उपाय आजमाए गए। उसका नतीजा यह हुआ कि आर्थिक विकास दर कुलाचें भरने लगी। विदेशी निवेश आना शुरू हो गया।

बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत का रुख करने लगीं। इस तरह न केवल महंगाई पर रोक लगी और प्रति व्यक्ति आय बढ़ी, बल्कि विदेशी मुद्रा भंडार भी भरना शुरू हो गया। फिर उन्हें वित्तमंत्री बनाया गया और निष्ठा के साथ निरंतर वे आर्थिक सुधारों पर काम करते रहे। यह कहने में किसी को संकोच नहीं कि उन्होंने वित्तमंत्री रहते जो आर्थिक ढांचा तैयार किया था, उसी पर विकास की मीनारें आगे भी खड़ी होती रहीं। बीच में वे जरूर सात-आठ वर्षों तक सरकार से बाहर रहे, पर राज्यसभा में विपक्ष के नेता के तौर पर आर्थिक नीतियों को लेकर अपनी सलाह हमेशा देते रहे। फिर प्रधानमंत्री बने, तो दो पूरे कार्यकाल तक उन्होंने देश के आर्थिक ढांचे को इस कदर मजबूत बना दिया कि मंदी के हिचकोले उसमें दरार नहीं डाल सके।

हालांकि प्रधानमंत्री के रूप में उनका दूसरा कार्यकाल विवादों से भरा रहा। उनके कई मंत्रियों पर घोटालों के आरोप लगे, उन्हें सबसे कमजोर प्रधानमंत्री कहा जाने लगा। मगर कभी भी वे सच्चाई से डिगे नहीं। बेशक वे कम बोलते थे और लोगों को लगता था कि वे साहसी नहीं हैं, मगर उन्होंने अपनी सरकार को दांव पर लगा कर जिस तरह अमेरिका के साथ परमाणु करार किया, वह उनके साहस का बड़ा उदाहरण था। फिर उन्होंने सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना, भोजन का अधिकार और अंतिम दिनों में लोकपाल जैसे कानून बना कर साबित कर दिया कि उनकी निष्ठा आम लोगों के जीवन में बेहतरी और शासन-प्रशासन में पारदर्शिता लाने के प्रति है। यही वजह है कि आज उनके जाने पर वे लोग भी उनके कार्यों की प्रशंसा कर रहे हैं, जो कभी उनके आलोचक हुआ करते थे।


# MP का मंदिर बना विदेशी पर्यटकों के लिए बना आकर्षण

**जरा हट के**

छतरपुर जिले के खजुराहो में स्थित कंदारिया महादेव मंदिर, जो विश्व विख्यात है. इस मंदिर की ऊंचाई और बनावट आज भी लोगों को सोचने पर मजबूर करती है. इस मंदिर को देखने के लिए सिर्फ भारत से ही नहीं विदेशों से भी लोग आते हैं.

सालों से गाइड का काम रहे बृजेश मिश्रा बताते हैं कि कंदारिया महादेव मंदिर खजुराहो के सभी मंदिरों में सबसे विशाल और ऊंचा है. यह मंदिर लगभग 1025 से 1050 के मध्य चंदेल राजा विद्याधर ने बनवाया था. यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है.

बृजेश बताते हैं कि इसकी योजना विन्यास में मुखमण्डप, मण्डप, महामण्डप, अंतराल और गर्भगृह है. आकार, उत्कृष्ट मूर्तिकला और विस्तृत मूर्तिकला के कारण यह मंदिर अति विकसित शैली से युक्त मध्य भारत में अपनी तरह का शानदार मंदिर है.



### ये होता है कंदारिया का मतलब

बृजेश बताते हैं कि यह खजुराहो का एकमात्र ऐसा मंदिर है, जिसमें दो तोरण प्रवेश द्वार हैं. गर्भगृह के सरदल पर चतुर्भुजी शिव का अंकन है तथा उनके दाएं ब्रम्हा और बाएं विष्णु हैं.यह शिवलिंग सफेद संगमरमर से बना है. मंदिर की दीवारों पर बहुत ही सुंदर नक्काशी की गई है. साथ ही दीवारों पर कामुक मूर्तियां भी बनाई गई हैं. इस मंदिर को सामने से देखने से ऐसा लगता है, कि जैसे हम किसी गुफा में प्रवेश कर रहे हैं. गुफा को कंदरा भी कहते हैं, इसलिए इसका नाम कंदरिया महादेव मंदिर पड़ा. जिसका मतलब कंदरा में रहने वाले शिव है. बता दें, कन्दारिया महादेव मंदिर सप्ताह के पूरे दिन खुला रहता है. ऐसे में आप सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे के बीच दर्शन करने पहुंच सकते हैं. कन्दारिया महादेव मंदिर परिसर में घूमने के लिए भारतीय नागरिकों को 35 रुपये का टिकट लेना होता है.

# क्या आप भी करते हैं आलू खरीदने में ये गलतियां?

**आलू एक ऐसी सब्जी है, जिसका सबसे ज्यादा हर घर में इस्तेमाल होता है. फ्रिज में कोई हरी सब्जी नहीं होती और आपको अचानक कुछ खाने के लिए बनाना हो तो लंच में लोग आलू का भरता, दम आलू, जीरा आलू आदि बना लेते हैं. स्नैक्स में भी आलू से काफी कुछ बनाने के ऑप्शन होते हैं. आलू में न्यूट्रिएंट्स भी कई होते हैं जैसे सोडियम, विटामिन सी, बी6, फाइबर, पोटैशियम, प्रोटीन, टोटल कार्बोहाइड्रेट, एंटीऑक्सीडेंट्स आदि. सब्जी खरीदने की लिस्ट में आलू टॉप पर होता है. हालांकि, कुछ लोग सब्जी मार्केट में जाते हैं और फटाफट बिने ठीक से देखे ही आलू 2-3 तीन किलो खरीद लेते हैं. ऐसे में आलू जल्दी खराब होने लगता है. आलू खरीदने और उसे स्टोर करने का तरीका यहां जान लें, ताकि आप आलू को महीनों फ्रेश रख सकें.**



### आलू खरीदते समय किन बातों का रखें ध्यान

- शेफ कुणाल कपूर के अनुसार, आलू जब भी खरीदें तो छूकर ये देख लें कि आलू टाइट हो न कि लूज, सॉफ्ट. सॉफ्ट लूज से आलू खराब होते हैं और ये जल्दी सड़ सकते हैं.
- आलू पर कोई भी अंकुर यानी स्प्राउंट दिखे तो बिल्कुल न खरीदें. ऐसा आलू खाना नुकसानदायक हो सकता है.
- आलू के छिलके पर कई बार हरा रंग नजर आता है. हरा रंग आलू के ऊपर दिखे तो कभी भी ऐसा आलू न खरीदें. ऐसा आलू खाना सेहत के लिए ठीक नहीं.

### आलू स्टोर करने का तरीका

- आप मार्केट से आलू 2-3 किलो लेकर आते हैं और थैली या पॉलीथिन बैग में ही गांठ बांधकर किचन में सब्जी वाली टोकरी में रख देते हैं. एक बात याद रखें कि आप जितना आलू को प्लास्टिक बैग में बांधकर रखेंगे, उतनी ही जल्दी आलू खराब होगा. इसलिए टोकरी में प्लास्टिक बैग से निकालकर ही आलू स्टोर करें.
- आलू मार्केट से लाते ही मिट्टी लगे होने के कारण उसे पानी में धोकर टोकरी में रख देते हैं तो ऐसा भी न करें. जब तक इस्तेमाल ना करें तब तक पानी में न धोएं. जितना आलू पर नमी रहेगी, आलू उतनी ही जल्दी सड़ जाएगा या खराब होगा.

# काले बालों की है चाहत?

**महीने में एक बार जरूर अपनाएं 5 घरेलू उपाय**



### आंवला और शिकाकाई का इस्तेमाल

आंवला और शिकाकाई बालों के लिए वरदान माने जाते हैं. इन दोनों को बराबर मात्रा में लें और इनका पाउडर बनाकर पानी में मिलाएं और पेस्ट तैयार करें. इसे बालों पर लगाएं और एक घंटे बाद धो लें. ये बालों को काला बनाने और हेल्दी रखने में मदद करता है.

### नारियल तेल में करी पत्ता

नारियल तेल को हल्का गर्म करें और उसमें कुछ करी पत्ते डालें. अब इसे अच्छी तरह पकने दें. इस तेल को ठंडा होने के बाद बालों की जड़ों में लगाएं. यह नुस्खा बालों की ग्रोथ बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें नेचुरल काला बनाए रखने में भी मदद करता है.

### आंवला मेथी के बीज का हेयर मास्क

आंवला और मेथी के बीजों को रातभर भिगोएं और इसका सुबह पेस्ट बना लें. इसमें दही मिलाकर बालों में लगाएं. यह उपाय डैंड्रफ को दूर करता है और बालों को घना बनाता है.

### प्याज का रस और मेहंदी

प्याज का रस बालों के झड़ने की समस्या को कम करता है और नए बाल उगाने में मदद करता है. मेहंदी बालों को रंग देने का काम करता है. यही नहीं, सफेद होते बालों की परेशानी को भी दूर कर सकता है. इन दोनों को मिलाकर पेस्ट बनाएं और बालों पर लगाएं. 1 घंटे बाद शैंपू कर लें.

### नीम की पत्तियों का स्प्रे

नीम की पत्तियों को उबालकर इसके पानी को छान लें. अब इसे स्प्रे बोतल में रखें और स्कैल्प पर इसे स्प्रे करें. बालों की परेशानियां दूर होंगी. इन घरेलू नुस्खों को अपनाकर आप अपने बालों की खोई चमक और मजबूती वापस आएगी और बाल नेचुरल तरीके से काले होने लगेंगे.

# फूलगोभी के कटलेट

**खाना-खजाना**

### सामग्री :

- एक से दो फूलगोभी
- एक चम्मच नमक
- एक प्याज
- बारीक कटी हरी मिर्च
- बारीक कटा हरा धनिया
- एक चम्मच दरदरा पिसा धनिया पाउडर
- आधा चम्मच डीरा
- आधा चम्मच अजवाइन
- रेड चिली फ्लैक्स
- आधा चम्मच घिसा हुआ अदरक
- अमचूर पाउडर
- कश्मीरी रेड चिली पाउडर आधा चम्मच
- आधा कप बेसन
- दो चम्मच चावल का आटा

### बनाने की रेसिपी

सबसे पहले फूलगोभी के फूलों को काटकर अलग कर लें। फिर अच्छी तरह से गर्म पानी से धो लें। फिर किसी पैन में पानी गर्म होने के लिए रखें और उसमे एक चम्मच नमक डाल दें। अब कटी हुई फूलगोभियों के सारे फूलों को नमक मिले पानी में डालकर पकने दें। किसी बर्तन में स्लाइस किए प्याज



लें। साथ में हरी मिर्च, हरा धनिया और धनिया के दरदरे पिसे पाउडर को मिक्स कर लें। जीरा, अजवाइन को हाथों पर मसल कर मिक्स कर लें। साथ में चिली फ्लैक्स भी मिक्स कर लें। अब घिसा हुआ अदरक, हल्दी पाउडर, अमचूर पाउडर और स्वादानुसार थोड़ा सा नमक डाल दें। क्योंकि गोभी पकाने के लिए भी पानी में नमक डाला गया है। इन सारी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। अब जो गोभी पानी में पक गई हैं तो उन्हें भी पानी से अच्छी तरीके से छानकर अलग कर लें और इन मसालों में मिला लें। अच्छी तरह से मैश कर लें। क्योंकि गोभी मिलाने की वजह से ये बाइंडिग लायक नही है। इसलिए बेसन और दो चम्मच चावल का आटा कुरकुरेपन के लिए मिला दें। अब सारी चीजों को मिक्स कर लें और गर्म तेल की कड़ाही में हाथों से चपटा गोल शेप देकर तलें। बस रेडी हैं टेस्टी गोभी के कटलेट, इन्हें आप पार्टी स्टार्टर या चाय पर आए मेहमानों को खिला सकती हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** : आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। किसी के व्यवहार से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। रोमांस में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा।

**वृषभ** : डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें।

**मिथुन** : कार्यस्थल पर परिवर्तन की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी से बचें। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**कर्क** : तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। थकान रह सकती है। आय में निश्चितता रहेगी।

**सिंह** : चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। समय अच्छा व्यतीत होगा।

**कन्या** : धन प्राप्ति सुगम होगी। किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। जल्दबाजी से हानि होगी।

**तुला** : स्थायी संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही प्राप्त होगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। शत्रुओं का पराभव होगा। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं।

**वृश्चिक** : रोमांस में सफलता मिलेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु** : आज विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जोखिम न लें।

**मकर** : मित्रों का सहयोग करने का मौका प्राप्त होगा। मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कुंभ** : भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मीन** : यात्रा मनोरंजक रहेगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# फैटी लिवर से बचने के लिए सबसे जरूरी है ये काम

लिवर हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। पाचन में मदद करने के साथ रक्त में अधिकांश रासायनों के स्तर को नियंत्रित करने, पित्त नामक उत्पाद को उत्सर्जित करने और अपशिष्ट उत्पादों को फिल्टर करके शरीर से बाहर निकालने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पेट और आंतों से निकलने वाला सारा रक्त लिवर से ही होकर गुजरता है।

इतने महत्वपूर्ण कार्यों को समझने के बाद आप ये जान ही गए होंगे कि इस अंग का स्वस्थ रहना कितना जरूरी है। पर क्या आप लिवर की सेहत का सही से ध्यान रख रहे हैं?

मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि दुनियाभर में फैटी लिवर बीमारी के मामले काफी तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। आमतौर पर माना जाता रहा है कि जो लोग अधिक शराब पीते हैं उनमें इसका खतरा अधिक होता है पर शराब न पीने वाले भी इसका शिकार हो सकते हैं। लिवर में फैट बढ़ने के कारण कई गंभीर विकारों का खतरा भी हो सकता है, जिसको लेकर सभी लोगों को सावधानी बरतते रहनी चाहिए। आइए जानते हैं कि फैटी लिवर से बचने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं?

### पहले जान लीजिए क्या है फैटी लिवर की समस्या?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं फैटी लिवर, जिसे हेपेटिक स्टीटोसिस के नाम से भी जाना जाता है ये आपकी सेहत को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाली हो सकती है। इसमें लिवर में फैट की मात्रा बहुत अधिक बढ़ने लग जाती है। ये स्थिति लिवर के सामान्य कार्यों को बाधित करने वाली हो सकती है। लिवर में फैट की मात्रा अधिक हो जाने के कारण इंफ्लेमेशन का खतरा बढ़ जाता है।





गंभीर स्थितियों में इससे लिवर फेल होने और जान जाने तक का भी जोखिम हो सकता है।

आइए जानते हैं कि आप इस खतरनाक स्थिति से कैसे बचे रह सकते हैं?

अध्ययनों में पाया गया है कि फैटी लिवर की समस्या के लिए वजन का अधिक होना प्रमुख कारण हो सकता है। अध्ययन से पता चला है कि शरीर का वजन 10% तक कम करने से लिवर की चर्बी, सूजन की समस्या और फैटी लिवर के कारण होने वाली अन्य दिक्कतें दूर हो सकती हैं।

जामा इंटरनल मेडिसिन में प्रकाशित एक मेटा-विश्लेषण में शोधकर्ताओं ने 22 अध्ययनों की समीक्षा की। अध्ययन में पाया गया कि जिन लोगों का वजन कम था उन्हें भविष्य में इस बीमारी का खतरा भी कम था। वहीं फैटी लिवर के शिकार जिन लोगों ने अपने वजन को कम किया उनमें इस रोग के कारण होने वाली जटिलताएं भी कम हो गईं।

### लिवर की सेहत का रखें ख्याल

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, प्रति सप्ताह कम से कम 150 मिनट की शारीरिक गतिविधि आपके लिए मददगार हो सकती है। नियमित व्यायाम के साथ आहार पर ध्यान देना, हरी सब्जियों-फलों से भरपूर चीजें खाना और वसा वाली चीजों का सेवन कम करना न सिर्फ वजन घटाने में मददगार है साथ ही इससे लिवर की सेहत को भी ठीक रखा जा सकता है।

डॉक्टर कहते हैं, कम उम्र से ही अगर वजन को नियंत्रित रखने पर ध्यान दे दिया जाए तो फैटी लिवर सहित कई प्रकार की अन्य क्रोनिक बीमारियों से भी बचे रह सकते हैं।

**लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.**

## खबरें गांव की...

### पुलिस सिपाही भर्ती में फर्जीवाड़ा; लिखित में फेल फिर भी फिजिकल देने पहुंची युवती गिरफ्तार

**श्रावस्ती.** यूपी पुलिस सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा के बाद अब फिजिकल हो चल रहा है। लिखित परीक्षा में पास हुए अभ्यर्थियों को फिजिकल के लिए प्रवेश पत्र जारी किया गया है। इसी प्रवेश पत्र के आधार पर उनका फिजिकल हो रहा है। इस बीच एक महिला अभ्यर्थी ने गजब फर्जीवाड़ा की कोशिश की है। लिखित परीक्षा में फेल होने के बाद भी वह फिजिकल देने पहुंच गई। उसने इसके लिए फर्जी प्रवेश पत्र भी बना लिया था। पुलिस ने महिला अभ्यर्थी को गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी ने बताया कि श्रावस्ती के इस केंद्र पर 533 अभ्यर्थी आने थे और हमारी सूची में किसी महिला अभ्यर्थी का नाम नहीं था। इसी बीच रिचा सिंह नाम की महिला अभ्यर्थी का प्रवेश पत्र प्रस्तुत हुआ तो परीक्षकों को शक हुआ। आरंभिक जांच में प्रवेश पत्र फर्जी साबित हुआ।

### नाराज प्रेमी ने प्रेमिका को उतारा मौत के घाट

**बाराबंकी.** यूपी के बाराबंकी जिले के फतेहपुर में विधवा की हत्या के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्यारोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक ने बताया कि विधवा ने प्रेमी का मोबाइल नम्बर ब्लॉक कर दिए था, जिससे उसका प्रेमी नाराज हो गया और चाकू से उसकी गला रेत कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने हत्यारोपी के पास से हत्या में प्रयोग किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है। शनिवार की शाम को महिला का शव गांव के पास ही खेत में पड़ा मिला था। फतेहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के पास शनिवार की शाम को 40 वर्षीय विधवा का शव खेत में पड़ा मिला था।

### लखनऊ में नगर निगम टीम पर हमला

**लखनऊ.** लखनऊ में नगर निगम की टीम पर हमला हो गया। रविवार को इंदिरानगर स्थित मुंशी पुलिया मेट्रो स्टेशन के पास नगर निगम की टीम ठेलिया हटाने के लिए पहुंची थी। आरोप है कि इसी दौरान कुछ दबंगों ने टीम पर हमला बोल दिया। मेयर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि पिछले कई महीनों से लखनऊ में एक अभियान चलाया जा रहा है कि लखनऊ नगर निगम में कहीं भी ठेलियों से कूड़ा नहीं उठाया जाएगा। अवैध ठेलियों को हटाने का अभियान चलाया जा रहा था, जिसके तहत जब हमारी दो महिला अधिकारियों ने ठेलियों को रोका तो उन पर हमला किया गया। नगर निगम की ओर से शिकायत दर्ज की गई है।

### यूपी में ट्रक-डंपर की जोरदार भिड़त, जिंदा जला चालक, लोग बनाते रहे वीडियो

**कानपुर.** कानपुर-सागर नेशनल हाईवे पर भरुआ सुमेरपुर गल्ला मंडी के सामने ट्रक और डंपर की भिड़ंत हो गई। टक्कर से दोनों में भीषण आग लग गई। इस दौरान ट्रक में बैठा चालक जिंदा जल गया, इसमें और लोगों के फंसे होने की आशंका है। जबकि डंपर चालक और खलासी को प्रत्यक्षदर्शियों ने मौके से भागते हुए देखा। सुमेरपुर गल्ला मंडी के ठीक सामने पेट्रोल पंप के पास कबरई से गिट्टी लेकर जा रहे डंपर की सामने से आ रहे लोड ट्रक से टक्कर हो गई। हादसा करीब रात सवा आठ बजे हुआ।

# LAC के पास 14300 फीट की ऊंचाई पर सेना ने लगाई छत्रपति शिवाजी की मूर्ति

**नई दिल्ली.** भारतीय सेना ने 14,300 फीट की ऊंचाई पर स्थित पैंगोंग झील के किनारे मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की एक मूर्ति स्थापित की है। यह जगह पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में चीन के साथ लगने वाली वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) के निकट है। सेना के लेह स्थित 14 कोर ने कहा कि इस मूर्ति का उद्घाटन भारतीय शासक की अडिग भावना को मनाने के लिए किया गया है, जिनकी धरोहर आज भी प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है।

इस मूर्ति का गुरुवार को 14 कोर के जनरल ऑफिसर



कमांडिंग, लेफ्टिनेंट जनरल हितेश भल्ला द्वारा अनावरण किया गया। यह 'फायर एंड फ्यूरी कोर' के नाम से प्रसिद्ध है।

14 कोर ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, यह कार्यक्रम भारतीय शासक की अडिग भावना को मनाता है, जिनकी धरोहर आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। भारतीय सेना ने अपनी 'प्राचीन रणनीतिक कुशाग्रता' को समकालीन सैन्य क्षेत्र में समाहित करने के प्रयास किए हैं।


छत्रपति शिवाजी महाराज की इस मूर्ति का उद्घाटन ऐसे समय में हुआ है जब भारत और चीन ने डेमचोक और देपसांग के दो बिंदुओं से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी कर ली है। इसके साथ ही लगभग चार साल लंबे सीमा गतिरोध का अंत हुआ।

21 अक्टूबर को एक समझौते के तहत दोनों पक्षों ने इन दोनों तनाव बिंदुओं पर सैनिकों की वापसी पूरी की।

आपको बता दें कि पूर्वी लद्दाख सीमा पर यह गतिरोध 5 मई, 2020 को पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद शुरू हुआ था। सैन्य और कूटनीतिक वार्ता की एक श्रृंखला के कारण दोनों पक्षों ने 2021 में पैंगोंग त्सो के उत्तर और दक्षिण तटों पर सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी की।

# तीसरी बेटी होने पर पत्नी को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया

**महाराष्ट्र में दिल दहला देने वाली वारदात**



**परभणी.** महाराष्ट्र के परभणी जिले में एक दर्दनाक घटना सामने आई है. यहां गंगाखेड़ नाका इलाके में 26 दिसंबर की रात एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया. आरोप है कि महिला का पति इस बात से नाराज था कि पत्नी ने तीसरी बार भी बेटी को जन्म दिया था. इस घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है. वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है, जिसकी तस्वीरें दिल दहला देने वाली हैं.

जानकारी के अनुसार, पीड़िता 34 वर्षीय मैना कुंडलिक काले की बहन ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है. इसमें कहा गया है कि आरोपी कुंडलिक उत्तम काले अपनी पत्नी को लगातार ताने मारता था और गाली-गलौज करता था, क्योंकि कुंडलिक के यहां तीन बेटियां हुई थीं. इसी को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर झगड़े होते थे.

26 दिसंबर की रात विवाद इतना बढ़ गया कि कुंडलिक ने मैना के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी. आग लगते ही महिला चीखते हुए इधर-उधर भागने लगी. लोगों ने जब देखा तो वे आग को बुझाने की कोशिश करने लगे. काफी लोग मौके पर जमा हो गए. पेट्रोल की वजह से आग बेहद मुश्किल से बुझी, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी. गंभीर रूप से झुलस चुकी मैना को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज शुरू होने से पहले ही उसकी मौत हो गई.

इस मामले में शिकायत के आधार पर पुलिस ने कुंडलिक काले के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है. इस मामले की जांच पूरी होने तक पुलिस इस पर कोई बयान देने को तैयार नहीं है.

घटना के बाद से इलाके में गुस्से का माहौल है. लोगों का कहना है कि इस घटना ने एक बार फिर साबित किया है कि समाज को बेटियों के प्रति अपनी सोच बदलने की जरूरत है. कानून को और सख्ती से लागू करना और बेटियों के प्रति सम्मान का माहौल बनाना वक्त की मांग है.

**मन की बात का 117वां एपिसोड : पीएम नरेंद्र मोदी बोले-**

# महाकुंभ जाएं तो संकल्प लेकर लौटें- समाज से विभाजन और विद्वेष खत्म करेंगे

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल के आखिरी रविवार को 117वीं बार मन की बात की। पीएम ने संविधान दिवस और महाकुंभ का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब हम कुंभ में भाग लें, तो समाज में विभाजन और नफरत की भावना को खत्म करने का संकल्प लें।

पीएम ने WAVES समिट, कालाहांडी की सब्जी क्रांति, बस्तर ओलिंपिक और कुरुक्षेत्र के मलेरिया रोकथाम के प्रयासों के बारे में भी बात की।

ये इस साल 9वां और आखिरी एपिसोड था। लोकसभा चुनाव के कारण मार्च, अप्रैल और मई में एपिसोड टेलीकास्ट नहीं हुए थे।




**मन की बात में पीएम इनका जिक्र किया**

26 नवंबर को संविधान दिवस से एक साल तक चलने वाली कई एक्टिविटी शुरू हुई हैं। नागरिकों को संविधान की विरासत से जोड़ने के लिए constitution75.com नाम से वेबसाइट भी बनाई गई है। इसमें आप संविधान की प्रस्तावना पढ़कर अपना वीडियो अपलोड कर सकते हैं। अलग-अलग भाषाओं में संविधान पढ़ सकते हैं, संविधान के बारे में प्रश्न भी पूछ सकते हैं।

अगले महीने 13 तारीख से प्रयागराज में महाकुंभ भी होने जा रहा है। इस समय वहां संगम तट पर जबरदस्त तैयारियां चल रही हैं। पहली बार कुंभ आयोजन में AI चैटबॉट का प्रयोग होगा। इससे 11 भारतीय भाषाओं में कुंभ से जुड़ी हर तरह की जानकारी हासिल की जा सकेगी। इससे कोई भी टेक्स्ट टाइप करके या बोलकर किसी भी तरह की मदद मांग सकता है।

### नवजात बच्चा 60 हजार में बेचा; खरीदनी थी नई बाइक

**बालासोर.** ओडिशा के बालासोर जिले में एक दंपति ने अपने नौ दिन के नवजात शिशु को सिर्फ इसलिए बेच दिया क्योंकि उन्हें बाइक खरीदनी थी। ऐसी जानकारी है कि दंपती ने कथित तौर पर अपने मासूम बच्चे को महज 60 हजार रुपए में किसी और को बेच दिया। इस अवैध कृत्य की सूचना पर पुलिस ने बच्चे को नव दंपति के पास से आजाद करा दिया है। आरोपी दंपति का अपनी सफाई में कहना है कि उन्होंने अपने बच्चे को दान में दिया, क्योंकि वे उसे पालने में असमर्थ थे। आरोपी दंपति ने मयूरभंज जिले के उदाला के सैनकुला गांव के एक निःसंतान दंपति को अपना बच्चा कथित तौर पर 60,000 रुपये में बेच दिया और उस पैसे का कुछ हिस्सा बाइक खरीदने में खर्च किया।

# 4 जनवरी को खनौरी बॉर्डर पर विशाल महापंचायत, जुटेंगे लाखों किसान

- **डल्लेवाल देंगे संदेश**

**नई दिल्ली.** किसान आंदोलन के तहत 30 दिसंबर को पंजाब बंद बुलाया गया है। साथ ही, किसानों ने 4 जनवरी को खनौरी बॉर्डर पर विशाल किसान महापंचायत करने की घोषणा की है। इसमें देशभर के लाखों किसान पहुंच सकते हैं। इसके लिए किसानों ने तैयारी करनी शुरू कर दी है और इस महापंचायत में जगजीत सिंह डल्लेवाल किसानों को कोई बड़ा संदेश भी दे सकते हैं। एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक शनिवार को खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता डल्लेवाल से मिलने पहुंचे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में किसान नेताओं अभिमन्यु कोहाड़, काका सिंह कोटड़ा ने चार जनवरी को खन्नौरी बॉर्डर पर किसान महापंचायत आयोजित करने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि यह महापंचायत डल्लेवाल की इच्छा पर की जा रही है, क्योंकि वह देश



के विभिन्न राज्यों के किसानों से मिलना चाहते हैं। डल्लेवाल देश भर में किसानी आंदोलन को खड़ा करना चाहते हैं। इस महापंचायत में पंजाब, हरियाणा, यूपी, एमपी, राजस्थान और अन्य कई राज्यों से किसान हिस्सा लेंगे। खराब सेहत के बावजूद डल्लेवाल भी इस महापंचायत को संबोधित करेंगे।

सुप्रीम कोर्ट में आज हुई सुनवाई पर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो एससी उनके स्वास्थ्य के प्रति चिंता व्यक्त कर रही है तो दूसरी तरफ सरकार को आंदोलनकारी किसानों पर सख्ती बढ़ाने के आदेश दे रही है। जिंदगी में ऐसी हमदर्दी उन्होंने पहली बार देखी है। डल्लेवाल ने वीडियो में कहा कि आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई को लेकर उन्हें आस थी कि उन्होंने जो पत्र एससी को लिखा है, उस पर विचार करके अदालत सरकार को निर्देश देगी कि किसानों की मांगें स्वीकार की जाएं। मगर, सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को और ज्यादा सख्ती बढ़ाने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि उन्हें यह शब्द केंद्र सरकार की तरफ से लगते हैं। ऐसे शब्दों का इस्तेमाल सरकार कर सकती है लेकिन सुप्रीम कोर्ट नहीं।

# साउथ कोरिया में प्लेन क्रैश, अब तक 176 की मौत

- **लैंडिंग के दौरान पहिए नहीं खुले**
- **एयरपोर्ट बाउंड्री से टकराकर ब्लास्ट**
- **पक्षी टकराने का अलर्ट मिला था**



साउथ कोरिया में मुआन एयरपोर्ट पर जेजू एयर का विमान क्रैश हो गया। न्यूज एजेंसी AP के मुताबिक विमान में 175 पैसेंजर और 6 क्रू मेंबर समेत 181 लोग थे। 176 शव बरामद किए जा चुके हैं। रेस्क्यू टीम ने 2 लोगों को जिंदा बचा लिया गया। बाकी 3 यात्रियों के मारे जाने की आशंका जताई गई है। मरने वालों में 82 पुरुष और 83 महिलाएं हैं। 11 शवों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है।

हादसा भारतीय समय के मुताबिक रविवार सुबह 5:37 बजे (लोकल टाइम सुबह 9:07 बजे) हुआ। बैंकॉक से आ रहा प्लेन एयरपोर्ट पर लैंड करने वाला था, लेकिन लैंडिग गियर में खराबी की वजह से विमान के पहिए नहीं खुले। इमरजेंसी में विमान की बेली लैंडिंग कराई गई। इसमें प्लेन की बॉडी सीधे रनवे से टकराती है। इस दौरान विमान रनवे पर फिसलता हुआ एयरपोर्ट की बाउंड्रीवाल से जा टकराया। उसमें धमाके के साथ आग लग गई।

इधर रॉयटर्स ने खबर दी है कि हादसे के पहले मुआन एयरपोर्ट के एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (ATC) से प्लेन से पक्षी टकराने का अलर्ट भेजा गया था। प्लेन के लैंडिंग गियर में खराबी की एक वजह यह भी हो सकती है।

# मेरी पत्नी का ही वोट कटवाने का आवेदन

- **संजय सिंह का बड़ा आरोप**

**नई दिल्ली.** आम आमदी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बीजेपी पर बड़ा आरोप लगा दिया है। उन्होंने दावा किया है कि बीजेपी ने नई दिल्ली विधानसभा सीट से उन्ही की पत्नी का नाम वोटर्स लिस्ट से कटवाने का आवेदन दिया है। उनका दावा है कि ऐसा एक नहीं बल्कि दो-दो बार किया गया है।

संजय सिंह ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, पिछले दिनों मैंने राज्यसभा में पूर्वांचली भाई बहनों के वोट काटे जाने का मुद्दा उठाया था। मैंने उन लोगों के नाम पर पढ़कर भी सुनाए थे। उन्होंने कहा, नई दिल्ली विधानसभा सीट से मेरी पत्नी का वोट कटवाने के लिए आवेदन दिया गया है और ऐसा एक नहीं बल्कि दो बार हुआ है। यानी दो बार आवेदन दिए गए हैं।

उन्होंने कहा, नड्डा साहब ऐसे तो मत कीजिए। इस तरह से तो चुनावी घोटाला मत करो बीजेपी वालों। जब अरविंद केजरीवाल के क्षेत्र में सांसद की पत्नी का वोट कटवा रहे हो तो यह साफ हो गया है कि मेरा मुद्दा 100 फीसदी सही था कि पूर्वांचल और बिहार के लोगों का वोट बीजेपी कटवा रही है।

## आम सूचना

मैं श्रीमती राजश्री दत्ता मलाडकर सभी को सूचित कर रही हूं कि शॉप, कालानी को-आप. सोसायटी के सामने, मेन रोड, ओल्ड एमएसईबी ऑफिस के सामने, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 50डीआय010896800) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती लीलाबाई प्रभाकर पाटील के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 23.12.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती राजश्री दत्ता मलाडकर**

# 20 की औसत से 200 विकेट वाले पहले बॉलर




- **सीरीज में 29 बल्लेबाजों को आउट किया**
- **SENA देशों में सबसे ज्यादा विकेट वाले भारतीय**

मेलबर्न टेस्ट के चौथे दिन ऑस्ट्रेलियाई बॉलर नाथन लॉयन और स्कॉट बोलैंड ने आखिरी विकेट के लिए 55* रन जोड़े। इस साझेदारी की मदद से टीम मजबूत स्थिति में पहुंच गई है। स्टंप्स तक कंगारुओं को लीड 333 रन हो गई।

रविवार को रिकार्ड्स की सूची में बुमराह का नाम टॉप पर रहा। जसप्रीत 20 से कम की औसत से 200 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले बॉलर हैं। वह SENA देशों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए हैं। बुमराह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (BGT) 2024-25 में अब तक 29 विकेट ले चुके हैं।

जसप्रीत बुमराह ने टेस्ट में 3912 रन देकर 200 विकेट हासिल किए हैं। अब तक टेस्ट में 85 गेंदबाजों ने 200+ विकेट लिए हैं, जिसमें बुमराह का नाम टॉप पर है। अपने 200वें टेस्ट विकेट के समय किसी गेंदबाज द्वारा दिए गए पिछले सबसे कम रन वेस्टइंडीज के जोएल गार्नर के 4067 रन थे। भारतीयों में यह रिकॉर्ड पहले रवींद्र जड़ेजा के नाम था, जिन्होंने 4840 रन देकर 200 विकेट लिए थे।

मेलबर्न में खेले 3 टेस्ट में बुमराह अब तक 23 विकेट ले चुके हैं, जो किसी विदेशी मैदान पर भारतीय गेंदबाज द्वारा लिए गए सबसे अधिक विकेट हैं। पिछला सर्वाधिक 20 विकेट अनिल कुंबले के नाम था, जिन्होंने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर लिया था। 2015 की शुरुआत के बाद से 2 बार टेस्ट में भारत के खिलाफ 100 से अधिक गेंदों की दसवें विकेट की साझेदारी हुई है। यह दोनों साझेदारी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में आई है। पर्थ में मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड ने 18 ओवर खेले थे।

# 'भाजपा फर्जी वोटिंग करानी चाहती है'

- **केजरीवाल बोले- मेरी विधानसभा में हजारों नाम जुड़वाए**



**नई दिल्ली.** AAP के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा- दिल्ली में भाजपा ने ऑपरेशन कमल शुरू कर दिया है। वे इस बार फर्जी वोटिंग के सहारे जीतने का प्लान बना रहे हैं।

पूर्व CM ने कहा- पिछले 15 दिनों में नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में अचानक से 10 हजार वोटर्स बढ़ गए। हमने चुनाव आयोग से इसकी शिकायत भी की है। हालांकि इलेक्शन कमीशन को दी शिकायत में केजरीवाल ने 25 दिसंबर तक बढ़े वोटर्स की संख्या 7500 बताई है।

केजरीवाल नई दिल्ली विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस ने संदीप दीक्षित को उम्मीदवार बनाया है। बीजेपी ने अभी तक किसी भी सीट पर उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है।

**केजरीवाल के आरोप...**

नई दिल्ली विधानसभा में पिछले 15 दिनों में इन्होंने पांच हजार वोटर्स का नाम कटवाने की एप्लीकेशन डाली है। पहले 7500 वोटर्स नाम जुड़वाने की एप्लीकेशन भी दी है।

मेरी विधानसभा में कुल वोटर्स एक लाख छह हजार हैं। इसमें से 5% वोटर्स का नाम डिलीट करवा रहे हैं। 7.5% वोटर्स के नाम जुड़वा रहे हैं। ऐसे में अब चुनाव ही क्यों करा रहे हैं।

चुनाव के नाम पर इस देश में खेल हो रहा है। अगर 12% वोट इधर से उधर कर देंगे तो बचेगा क्या। अगर आंकड़ों में गड़बड़ी है तो चुनाव आयोग पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह लग जाता है।

### बोरवेल में गिरे सुमित को नहीं बचा सके

**गुना.** जिले के राघौगढ़ में बोरवेल में गिरे 10 साल के सुमित को नहीं बचाया जा सका। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बच्चे का शरीर पानी में था। जब अस्पताल लाया गया तो उसके कपड़े भी गीले थे। मुंह में मिट्टी भरी हुई थी। ठंड में उसके अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। बच्चा करीब 39 फीट की गहराई में फंसा था। उसे 16 घंटे बाद रविवार सुबह बाहर निकाला गया। राघौगढ़ के पीपल्या गांव का रहने वाला सुमित मीणा (10) शनिवार शाम को पतंग उड़ा रहा था। वह खेत में पहुंच गया और बोरवेल में गिर गया। जब बच्चा काफी देर तक नहीं दिखा तो परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर तलाश की।

## आम सूचना

मैं श्री मोहम्मद महफूज मोहम्मद अयूब सिद्दीकी सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, बैरक नं. 1893 के सामने, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 58डीओ012213600) उक्त प्रॉपर्टी श्री राजेश बलीराम पवार के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 22.12.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री मोहम्मद महफूज मोहम्मद अयूब सिद्दीकी**

## आम सूचना

हम श्री नौफिल अहमद सिद्दीकी व श्री गुफरान अहमद अफसर अहमद शेख सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम नं. 4, चाल नं. 2, साईनाथ कालोनी, बैरक नं. 1912 के सामने, सेक्शन 40, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 56डीओ012686400) उक्त प्रॉपर्टी श्री दीपक खानू आयलानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 19.12.2024 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री नौफिल अहमद सिद्दीकी**
**व श्री गुफरान अहमद अफसर अहमद शेख**

## आम सूचना


मैं श्रीमती साहिना बेगम सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, बैरक नं. 1075 के पीछे, रुम नं. 6,7,8, रेणुका सोसायटी, गली नं. 1, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 38बीओ007059900) उक्त प्रॉपर्टी श्री कमल शौकतराम आहुजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 20.11.2023 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती साहिना बेगम**

# नरसिम्हा राव को दो गज जमीन तक नहीं दी

**कांग्रेस पर बरसे पीवी ; सोनिया गांधी को भी घेरा**

**नई दिल्ली.** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के बाद अंत्येष्टि और स्मारक को लेकर राजनीति शुरू हो गई। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बीजेपी पूर्व प्रधानमंत्री का अपमान कर रही है। जिस तरह अटल बिहारी वाजपेयी का अंतिम संस्कार हुआ था उसी तरह मनमोहन सिंह का भी जहां अंतिम संस्कार हो, वहीं स्मारक बनना चाहिए। इसपर लोगों को पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव की याद आ गई कि किस तरह से उन्हें दिल्ली में अंतिम संस्कार नहीं करने दिया गया। यहां तक कि उनके पार्थिव शरीर के लिए कांग्रेस



मुख्यालय के दरवाजे भी बंद कर दिए गए। इसी को लेकर पीवी नरसिम्हा राव के भाई मनोहर राव ने कांग्रेस और सोनिया गांधी दोनों को घेरा है।

मनोहर राव ने कहा, पीवी नरसिम्हा के लिए सोनिया गांधी भी नहीं पहुंची। कांग्रेस के प्रधानमंत्री का निधन हो गया और वे हैदराबाद भी नहीं आ सके। उन्हें सोचना चाहिए कि पहले खुद को सुधार लें। निगम बोध घाट में किसी का भी अंतिम संस्कार हो सकता है। आप लोगों ने पीवी नरसिम्हा राव की एक प्रतिमा तक नहीं लगाई। इतने साल सत्ता मेंरहकर भी भारत रत्न नहीं दे पाए। आपने पूर्व प्रधानंत्री को क्या सम्मान दिया क्या सम्मान किया। आप बोल रहे हैं कि मनमोहन सिंह का यह नहीं हुआ, वह नहीं हुआ। जो हुआ अच्छा हुआ। उनकी कुछ प्रक्रिया है। वे ट्रस्ट वगैरह बनाकर देंगे।

उन्होंने कहा, इतने प्रधानमंत्री मरे लेकिन उन लोगों का नाम ही दिल्ली में नहीं है। मोदी ने प्रधानमंत्रियों को सम्मान दिया और एक ही जगह संग्रहालय बना दिया। इतनी जमीन दी। वहीं मनमोहन सिंह को भी जगह मिलेगी। आप प्रक्रिया तो पूरी करें। कांग्रेस वालों को यह अच्छा है या यह बुरा है। लेकिन हम तो सब देख रहे हैं। मोदी इसपर कुछ नहीं बोल रहे हैं और वह भारत के विकास के लिए काम कर रहे हैं। हमारे भाई कांग्रेस में थे और हम भी कांग्रेस में हैं। मोदी जी ने उन्हें भारत रत्न दिया।

## संक्षेप...

### महिला को धमकाकर यौन शोषण

**भिवंडी.** भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन हद नवीबस्ती की एक महिला को धमकी देकर यौन शोषण करने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है.शिकायत के बाद भिवंडी शहर पुलिस ने कोनगांव निवासी मो. शफीक इंसाफ अली के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64,65(1),351(2) का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित महिला एक मंदिर पर हारफूल बेचती है.आरोपी मो. शफीक ने महिला को धमकी दिया कि आपका पति ओला कार का नंबर फेरफार कर दिया है.नंबर की हेराफेरी में उसे जेल जाना पड़ेगा. पति को जेल भेजने की धमकी देते हुए डराकर पीडिता के घर में मो.शफीक ने जबरन शारीरिक संबंध स्थापित किया. शहर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है.

# सरपंच की हत्या के आरोपियों की संपत्ति जब्त होगी : मुख्यमंत्री

**■ CM फडणवीस ने CID को दिए निर्देश**

मुंबई. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बीड के मसाजोग में सरपंच संतोष देशमुख की हत्या मामले में आरोपियों की संपत्तियां जब्त करने के लिए अपराध जांच विभाग (CID) को निर्देश दिए हैं. एक गृह विभाग के अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी और बताया कि फडणवीस ने उन लोगों के हथियार लाइसेंस रद्द करने को भी कहा है, जिनकी तस्वीरें या वीडियो सोशल मीडिया पर हवा में गोलियां चलाते या सार्वजनिक रूप से हथियार दिखाते हुए वायरल हुईं हैं.

फडणवीस ने 5 दिसंबर को मुख्यमंत्री पद संभाला था और गृह विभाग की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं, इस महीने की शुरुआत में बीड जिले में हुए सरपंच की हत्या को लेकर विपक्ष के निशाने पर हैं. महाराष्ट्र पुलिस का CID हत्या मामले की जांच कर रहा है. अधिकारी ने कहा, ₹मुख्यमंत्री फडणवीस ने CID से हत्या के आरोपियों की संपत्तियां जब्त करने को कहा है.

इस बीच, शनिवार को बीड में हुए विशाल विरोध प्रदर्शन में, जिसमें विपक्ष और सत्तारूढ़ दलों के विधायक और स्थानीय नेता शामिल हुए, ने राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (NCP) के मंत्री धनंजय मुंडे से इस्तीफा देने की मांग की. मुंडे बीड जिले से हैं और उनके सहयोगी



वाल्मिक कराड की भूमिका हत्या के मामले में संदेह के घेरे में है.

पुलिस के मुताबिक, देशमुख की हत्या कथित तौर पर एक ऊर्जा कंपनी से जबरन वसूली की कोशिश का विरोध करने के कारण हुई थी, जो बीड जिले में पवनचक्कियां लगा रही थी. स्थानीय NCP नेता विष्णु चटे ने कंपनी से 2 करोड़ रुपये की मांग की थी. देशमुख ने हस्तक्षेप किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें अपहरण, उत्पीड़न और 9 दिसंबर को हत्या कर दी गई. चटे हत्या के चार गिरफ्तार आरोपियों में से एक हैं. बता दें कि यह घटना 9 दिसंबर को दोपहर करीब तीन बजे की है, जब संतोष देशमुख अपने चचेरे भाई शिवराज देशमुख के साथ टाटा इंडिगो कार में मसाजोग गांव जा रहे थे. रास्ते में एक काली स्कॉर्पियो गाड़ी ने उनकी कार को रोका. गाड़ी से छह लोग उतरे और सरपंच संतोष देशमुख को जबरन गाड़ी से खींचकर अपहरण कर लिया. इसके बाद उनका शव केज तालुका के दहितना फाटा पर बरामद हुआ. संतोष के शरीर पर गहरी चोटों के निशान मिले थे.

# प्रदूषण की चादर में लिपटी मुंबई की हवा हुई खराब

**मुंबई.** महानगर गुरुवार को धुंध की चादर में लिपटा नजर आया। धुंध के चलते दिन में ही शाम जैसा महसूस होने लगा था। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के अनुसार, धीमी हवा और नमी के कारण प्रदूषक छंट नहीं पाए और वे वायुमंडल में ही बने रहे। इससे वायु प्रदूषण का स्तर कई इलाकों में ज्यादा दिखा। कई जगहों पर वायु गुणवत्ता 200 से 300 एक्यूआई दर्ज की गई। हवा की यह गुणवत्ता खराब और बहुत खराब की श्रेणी में आती है।

मुंबई में गुरुवार की सुबह अन्य दिनों की तुलना में काफी अलग रही। आमतौर पर थोड़ी धूप और हल्की धुंध की मौजूदगी पिछले कुछ दिनों से देखने को मिल रही है, लेकिन गुरुवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थे, ऊपर से धुंध का स्तर भी ज्यादा



देखने को मिला। लोगों को समझ में ही नहीं आ रहा था कि यह कोहरा है या फिर धुंध।

### धुंध और कोहरे में अंतर

वायु गुणवत्ता पर नजर रखनेवाली सरकारी संस्था सफर के अनुसार, गुरुवार को मुंबई में कोहरा नहीं, बल्कि धुंध थी। धुंध में प्रदूषण के कण हवा में स्थिर हो जाते हैं, जबकि फॉग में पानी की बूंदें वायुमंडल में रहती हैं।

क्षेत्रीय मौसम विभाग के निदेशक सुनील कांबले ने बताया कि इस सीजन में धुंध की उपस्थिति देखने को मिलती है। ये स्थिति तब उत्पन्न होती है, जब हवा की गति एकदम धीमी हो जाती है और वायुमंडल में नमी का प्रमाण अधिक होता है।


### हवा में तैरते रहे धूल के कण

सफर के निदेशक गुफरान बैग ने बताया कि गुरुवार को मुंबई में प्रदूषण का स्तर ज्यादा रहा। धूल कण और फॉग के साथ मिश्रित होने से प्रदूषक वायु मंडल में टिके रह गए। गुरुवार को मुंबई में दिन का तापमान 30.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, दिन में नमी का स्तर रात की तुलना में अधिक दर्ज किया गया। रात में नमी 70% थी तो दिन में यह 79% तक पहुंच गई।

# मुंबई, नवी मुंबई, तीसरी मुंबई !

## अब दुनिया देखेगी एक और शहर, CM फडणवीस ने बताया कैसी होगी नई सिटी ?

**मुंबई.** मुंबई और नवी मुंबई के बाद अब दुनिया तीसरा मुंबई शहर देखेग। नवी मुंबई से सटे रायगढ़ में नया शहर बनेगा, ताकि मुंबई और नवी मुंबई की बढ़ती जनसंख्या का बोझ कम हो। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि भारत की भावी व्यपारिक राजधानी तीसरी मुंबई होगी। मुंबई और नवी मुंबई की जनसंख्या दिन प्रति दिन तेज़ी से बढ़ती जा रही है।



### 323 वर्ग KM एरिया और 124 गांव होंगे शामिल

मुख्यमंत्री फडणवीस ने बताया कि यह प्रस्तावित शहर 324 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल में बसा होगा। इसमें 124 गांवों का समावेश किया जाएगा। सूत्रों की मानें तो तीसरी मुंबई का मास्टर प्लान 2026 के मध्य तक पूरा हो जाएगा। MMRDA को तीसरी मुंबई बनाने की ज़िम्मेदारी दी गई है। MMRDA ने 124 गांवों में हवाई सर्वेक्षण और ज़मीनी अध्यन के लिए निजी कंपनियों से आवेदन मांगना शुरू कर दिया है।

दोनों शहरों की इस जनसंख्या का असर शहरों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर पड़ रहा है और इसी दबाव को कम करने के लिए तीसरी मुंबई का मेगा प्लान तैयार किया गया है। मुंबई और नवी मुंबई से स्टे रायगढ़ ज़िले में तीसरी मुंबई के विकास के लिए नए साल 2025 से सर्वेक्षण का काम शुरू हो जाएगा। इस शहर का नाम कर्नाला साईं चिरनेर यानी KCC न्यू टाउन होगा। इसे तीसरी मुंबई भी कहा जाएगा, जिसे दुनिया मुंबई-नवी मुंबई की तरह देखती रह जाएगी।

इस सर्वेक्षण में 323 वर्ग किलोमीटर के एरिया को कवर किया जाएगा। इनमें से ज्यादातर इलाके सुंदर पहाड़ियों और हरे भरे खेतों के हैं। सबसे पहले ड्रोन से सर्वे का काम किया जाएगा। इसके बाद एक्सपर्ट और तकनीक की मदद से गहराई से विश्लेषण किया जाएगा। हवाई सर्वेक्षण के अलावा ज़मीन के डेटा एकत्रित करने के लिए सलाहकार नियुक्त किया जाएगा। विजन डोक्यूमेंट, मास्टर प्लान और डिटेल डेवलपमेंट प्लान बनाने का काम सलाहकार का होगा।

सीएम फडणवीस ने कहा कि तीसरी मुंबई को देश के भावी व्यापारिक राजधानी के रूप में देखा जाएगा। यह नया शहर बिजनेस के कई नए अवसर प्रदान करेगा। साथ ही टूरिस्टों को मायानगरी का एक और नया रूप देखने को मिलेगा। उनके लिए मुंबई में एक और टूरिस्ट प्लेस बन जाएगा। बिजनेस के साथ-साथ टूरिज्म सेक्टर को भी नई पहचान मिलेगी।

## कल्याण बालिका हत्याकांड

# सरकारी वकील उज्जवल निकम नियुक्त : CM आदेश



**मुंबई.** मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने शनिवार को ठाणे पुलिस आयुक्त को कल्याण में एक लड़की की हत्या और उत्पीड़न के मामले में प्रसिद्ध वकील उज्ज्वल निकम को नियुक्त करने का आदेश दिया। उन्होंने एक महीने के भीतर आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल करने का भी निर्देश दिया. इस अभागी लड़की के परिवार वालों ने शनिवार को मुंबई बीजेपी के उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्रा और कल्याण से विधायक सुलभा गायकवाड़ के साथ फड़णवीस से मुलाकात की. फड़नवीस ने उन्हें आश्वासन दिया कि आरोपियों को कड़ी सजा दी जाएगी और पुलिस अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें जमानत पर रिहा न किया जाए।

वहीं, विशाल गवली बीजेपी का सक्रिय कार्यकर्ता है. उनके खिलाफ पहले भी मामले दर्ज हैं. शनिवार को मीडिया से बात करते हुए पूर्व नगरसेवक महेश गायकवाड़ ने आरोप लगाया कि यहां के पूर्व विधायकों ने समय-समय पर उन्हें बचाया। हालांकि, बीजेपी ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है और गायकवाड़ के आरोप बेबुनियाद हैं. विशाल गवली का बीजेपी से कोई संबंध नहीं है. बीजेपी के कल्याण जिला अध्यक्ष नरेंद्र सूर्यवंशी ने मीडिया से कहा है कि वह बीजेपी के साधारण या सक्रिय सदस्य नहीं हैं.

## संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान परिसर में लगी आग

**मुंबई** : संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान (एसजीएनपी) के बाहर भीषण आग लग गई। एसजीएनपी के बाहर लगी आग बीएमसी के आपदा नियंत्रण विभाग ने इसकी पुष्टि की और बताया कि आग एसजीएनपी के बाहरी इलाके में वन क्षेत्र के अंदर लगी थी, न कि किसी रिहायशी इलाके में। खबर लिखे जाने तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं थी। इस बारे में अग्निशमन विभाग को भी सूचित कर दिया गया है।


**आम सूचना**

मैं श्रीमती बबीता महेश पंजाबी सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 305, तीसरा माला, शिव ओम पैलेस, अयप्पा मंदिर के सामने, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 27बीओ007774100) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती माला उमेश पंजाबी के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 12.12.2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती बबीता महेश पंजाबी**

**आम सूचना**

मैं श्री किशोर भालचंद्र जोशी सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, बैरक नं. 1638 के सामने, सेक्शन 38, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 47सीआय010388900) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती माधुरी सुरेश जोशी, श्रीमती माधवी प्रकाश मेडेकर व श्रीमती हेमा हेरंब पाठक के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 25.12.2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री किशोर भालचंद्र जोशी**

**आम सूचना**

मैं श्रीमती हिना अनिल वाधवानी सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 203, दूसरा माला, तुलसी विहार अपार्टमेंट, रुम नं. 1, बैरक नं. 1564, सेक्शन 29, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 46सीआय010385500) उक्त प्रॉपर्टी श्री राजेश अमरलाल कल्याणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 19.5.2011 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती हिना अनिल वाधवानी**

**आम सूचना**

मैं श्रीमती सुनिता गजानन होनकांबले सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, अप्पा शिंदे चाल, बैरक नं. 1395 के सामने, सेक्शन 32, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 41सीआय009347900) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सुशीला मनोहर होनकांबले अल्यास कांबले के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 22.12.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सुनिता गजानन होनकांबले**


## खोया चश्मा रिटर्न में पैंट्री कार स्टाफ कर्मी ने किया वापस



**भिवंडी.** मुंबई से शिर्डी साईंबाबा धाम तक भक्तों की यात्रा सुगमता की खातिर चलाई जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस में पत्रकार गुरुप्रसाद सिंह का जल्दबाजी में छूटा हुआ चश्मा दूसरे दिन वापसी में पैंट्री कार स्टाफ कर्मी ने सौंपकर यात्रियों सहित यात्रियों के सामान की भी सुरक्षा का वायदा निभाया.

आईआरसीटीसी द्वारा मुंबई से साईंबाबा मंदिर शिर्डी दर्शन तक वंदे भारत ट्रेन चलाई जा रही है।वंदे भारत ट्रेन से पत्रकार गुरुप्रसाद सिंह परिवार सहित शिर्डी साईबाबा के दर्शन के लिए जा रहे थे.शिर्डी रेलवे स्टेशन पर उतरते समय जल्दबाजी में सामने की टेबल पर रखा हुआ चश्मा भूल गए।

दूसरे दिन फिर वंदे भारत ट्रेन से हुई वापसी में पैंट्री कार स्टाफ कर्मी रिंकू सिंह से चश्मा के बारे में बताए जाने पर पत्रकार सिंह को ट्रेन में छूटा हुआ चश्मा लाकर वापस दिया. खोया चश्मा मिलने पर पत्रकार सिंह सहित परिजनों एवं आसपास बैठे यात्रियों ने पैंट्री कार स्टाफ कर्मी रिंकू सिंह को धन्यवाद दिया और आईआरसीटीसी द्वारा यात्रियों की सुरक्षा द्वारा गंभीरता से ध्यान देने की मुक्त कंठ से सराहना की.

## एसएसटी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के

# 7 दिवसीय आवासीय शिविर का सफल समापन

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर स्थित एसएसटी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय आवासीय शिविर बदलापुर के समीप जांभीलघर स्थित आरोग्य योगा और नैचरोपैथी सेंटर में आयोजित किया गया। इस शिविर में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता, नेतृत्व कौशल, स्वच्छता, सामाजिक मूल्य और राष्ट्रीय सेवा में सहभागिता का महत्व सिखाया गया। स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जांच शिविर और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन के कारण यह शिविर बहुआयामी बना।



शिविर के समापन समारोह में एसएसटी महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, मुंबई विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रमेश देवकर, राष्ट्रीय सेवा मुंबई सबअर्बन जिला समन्वयक प्रो. निखिल कारखानीस, उपप्राचार्य और ठाणे जिला समन्वयक प्रो. जीवन विचारे तथा आरोग्य योगा और नैचरोपैथी सेंटर के निदेशक डॉ. विजय कुकरेजा उपस्थित थे। प्रो. देवकर ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व समझाया, वहीं प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी ने कहा कि ऐसे शिविरों से समाज सेवा की प्रेरणा मिलती है और अधिक से अधिक ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करना आवश्यक है।

इस आवासीय शिविर का सफल आयोजन महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. योगेश पाटील, प्रो. मयूर माथुर, डॉ. सुवर्णा अहिरे, प्रो. दीपाली चव्हाण और प्रो. नेहा तेलानी ने स्वयंसेवकों के साथ किया। इसके लिए संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी और आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी का मार्गदर्शन अमूल्य साबित हुआ।

## सोमनाथ सूर्यवंशी संदिग्ध मौत व गृहमंत्री के विरोध में निषेधार्थ मोर्चा

**ठाणे.** परभणी में सोमनाथ सुर्यवंशी नामक नवयुवक का पुलिस कस्टडी में संदिग्ध मौत व गृहमंत्री अमित शाह का बाबासाहेब आंबेडकर पर विवादित बयान को लेकर सोमवार को ठाणे की सभी आंबेडकर वादी पक्ष की ओर से बड़े पैमाने पर मोर्चा निकाला जायेगा।

यह जानकारी शिव, फुले, शाहू, आंबेडकर अनुयायी मोर्चा नियोजन समिती के निमंत्रक नानासाहेब इंदिसे ने पत्रकार परिषद में दिया। इस अवसर राजाभाऊ चव्हाण, भास्कर वाघमारे, सुनील खांबे, सुखदेव उबाले, विमलताई सातपुते, सुमनताई इंगले, दैवशाला हराले आदी उपस्थित थे।

# शाहपुर तालुका के डोलखांब इलाके में बेमौसम बारिश

**कल्याण.** ठाणे जिले के शाहपुर तालुका के डोलखंब इलाके में शुक्रवार शाम को बेमौसम बारिश हुई. अचानक हुई बारिश से किसान व नागरिक हतप्रभ रह गए।

शुक्रवार दोपहर से बादल छाए रहे। शाम करीब पांच बजे डोलखांब इलाके में अचानक बारिश शुरू हो गई. इस क्षेत्र में किसानों ने चने की बुआई शुरू कर दी है. किसानों ने आशंका जताई है कि यदि इस बार बुआई के दौरान बारिश हुई तो खेत में लगा चना सड़ जायेगा. धान की कटाई के बाद कई किसान अभी भी खेती के लिए पुआल को खेत के खलिहान में रखते हैं। इस भूसे का उपयोग अगले पांच महीने तक गाय, बैल, भैंस के लिए किया जाता है। यदि भूसा भीग जाए तो वह खराब हो जाता है।

कुछ किसान अपना धान लोड करने के लिए धान थोक मिल के सामने कतार में लगे हैं. ऐसे धान खरीदने आए किसानों का धान बारिश से प्रभावित हो गया। धान



खरीदी केंद्र के बाहर लगे धान के ढेर भी बारिश से प्रभावित हुए। हालांकि इन रस्सियों पर प्लास्टिक रखा हुआ था, लेकिन किसानों ने आशंका जताई कि जमीन का पानी इन रस्सियों के नीचे चला जाएगा और चावल को खराब कर देगा. बाइक सवार और पैदल यात्री बारिश में भीगते हुए सफर कर रहे थे। मजदूर सिर पर सागौन की पत्तियां लेकर बारिश में भीग रहे थे.

चूँकि वह ठण्ड का दिन था और भारी बारिश हुई थी, नागरिक सीधे खड़े हो गये। किसानों का कहना है कि इस बारिश से दिवाली के बाद लगी वाल, मूंग की फसल को अच्छा लाभ मिलेगा. कई किसान भिंडी और अन्य सब्जियों की खेती करने लगे हैं. इस बारिश से उन्हें राहत मिली है. पिछले कुछ दिनों से ठाणे जिले में बादल छाए हुए हैं।

साल के अंत में मौज-मस्ती के लिए मुंबई के ठाणे इलाके से डोलखांब इलाके में अपने दूसरे घर आए शहरवासियों ने हालांकि इस बेमौसम बारिश में भीगने का आनंद लिया। बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे बारिश का आनंद लेते नजर आए।

# सोनू सूद को मिला था CM पद का ऑफर!

एक्टर सोनू सूद ने खुलासा किया है कि उन्हें CM और डिप्टी CM पद का ऑफर मिला था। हालांकि उन्होंने इसे ठुकरा दिया था। ठुकराने की वजह यह थी कि उन्हें बिनी किसी भेदभाव के लोगों की मदद करने की अपनी आजादी खोने का डर था।

ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे के साथ बातचीत में सोनू सूद ने कहा- मुझे मुख्यमंत्री पद ऑफर किया गया था। जब मैंने मना कर दिया, तो उन्होंने मुझे डिप्टी CM बनने के लिए कहा।

ये देश के बहुत बड़े लोग थे, जिन्होंने मुझे राज्यसभा की सीट भी ऑफर की। उन्होंने मुझसे कहा कि इसे स्वीकार कर लो और



राजनीति में किसी भी चीज के लिए लड़ने की जरूरत नहीं है। यह एक रोमांचक दौर होता है, जब इतने पावरफुल लोग आपसे मिलना चाहते हैं और आपको दुनिया में बदलाव लाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

सोनू सूद ने आगे कहा कि वे राजनीति से इसलिए दूर रहना चाहते हैं क्योंकि उन्हें लोगों की मदद करने की अपनी आजादी खोने का डर है। उन्होंने कहा कि अगर वे किसी के प्रति जवाबदेह हैं, तो वे शायद उतनी आजादी से मदद न कर पाएं, जितनी वे अभी करते हैं। उन्होंने कहा- लोग दो कारणों से राजनीति में आते हैं: पैसा कमाने के लिए और सत्ता के लिए, और मुझे इनमें से किसी के लिए भी कोई दीवानगी नहीं है। अगर बात लोगों की मदद करने की है, तो मैं पहले से ही ऐसा कर रहा हूं।






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099